# साप्ताहिक वन लाइनर्स

22-30 सितंबर 2021



# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

# 22-30 सितंबर 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **चौथे सप्ताह** (22-30) **सितंबर 2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. एशियाई विकास बैंक (ADB) ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए भारत का विकास पूर्वानुमान घटाकर कितना कर दिया ________**10 प्रतिशत।**

   **नोट:**

   - मई में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के कारण भारत का आर्थिक सुधार प्रभावित होने से विकास पूर्वानुमान में गिरावट दर्ज की गई है।
   - जब उपभोग धीरे-धीरे ठीक हो जाएगा, तब सरकारी खर्च तथा निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2021 की वृद्धि में अधिक योगदान देंगे।

2. निवेशकों तथा व्यवसायों के लिए 'नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (NSWS)' किसने लॉन्च किया________**पीयूष गोयल।**

   **नोट:**

   - NSWS: सिंगल विंडो पोर्टल, सरकार से आवश्यक अनुमोदन तथा मंजूरी प्राप्ति हेतु निवेशकों या उद्यमियों के लिए वन-स्टॉप-शॉप के रूप में कार्य करेगा।
   - यह भारत में निवेशकों, उद्यमियों और व्यवसायों हेतु आवश्यक अनुमोदन तथा पंजीकरण के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से निजात दिलाएगा।
   - वर्तमान में, पोर्टल 18 केंद्रीय विभागों और 9 राज्यों में स्वीकृति के लिए काम करता है।

3. आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2021-22) में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर _______**9.7 प्रतिशत।**

   **नोट:**

   - वित्तीय वर्ष 2022-23 (FY23) के लिए, OECD ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.9% से बढ़ने का अनुमान लगाया है, जबकि पहले यह 8.2% थी।
   - वैश्विक अर्थव्यवस्था: OECD ने 2021 में 5.7% और 2022 में 4.5% की विकास दर का अनुमान लगाया है, जबकि पहले इनके क्रमशः 5.8% और 4.4% रहने का अनुमान लगाया गया था।

4. भुगतान प्लेटफॉर्म पर अपने ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के लिए किस बैंक ने वीज़ा के साथ साझेदारी की है______**यस बैंक।**

   **नोट:**

   - वीज़ा को-ब्रांडेड कार्ड यस फर्स्ट, यस प्रीमिया और यस प्रॉस्पेरिटी में सभी सेगमेंट, कंज्यूमर कार्ड, बिजनेस कार्ड और कॉर्पोरेट कार्ड सहित 9 क्रेडिट कार्ड वेरिएंट के साथ आते हैं।

- मास्टरकार्ड पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद, यस बैंक ने 60 दिनों से कम के रिकॉर्ड समय के भीतर भुगतान नेटवर्क के रूप में वीज़ा में अवस्थांतर किया है।

**5.** किस बैंक के लिए BLS इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड को देश भर में शहरी, अर्ध-शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय व्यापार संवाददाता चुना गया है________**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- यह भारत सरकार के वित्तीय समावेशन मिशन में सहायता हेतु अंतिम छोर तक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगा।
- BLS शीघ्र ही पूरे भारत के SBI खाताधारकों के लिए बचत बैंक जमा, सावधि जमा, आवर्ती जमा, विप्रेषण, माइक्रो पेंशन, माइक्रो इंश्योरेंस, ई-केवाईसी के साथ खाता खोलने, AEPS मिनी स्टेटमेंट, पासबुक प्रिंटिंग जैसी बैंकिंग सेवाएं शुरू करेगा।

**6.** वित्तीय समावेशन की दिशा में एक बड़े प्रयास में, पेप्वाइंट इंडिया ने किस बैंक के साथ व्यापार प्रतिनिधि (BC) मॉडल के माध्यम से देश भर में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु एक साझेदारी की है________ **बैंक ऑफ बड़ौदा।**

**नोट:**

- वाणिज्यिक बैंकों को दूरदराज के स्थानों और छोटे केंद्रों पर स्वामित्व वाली शाखाएं स्थापित करना अव्यवहारिक लगता है, लेकिन पेप्वाइंट इंडिया की वित्तीय तथा भुगतान उत्पादों को अपने विशाल तथा विस्तृत वितरण नेटवर्क द्वारा दूरस्थ स्थानों तक ले जाने में सिद्ध विशेषज्ञता के साथ लगभग सभी आवश्यक बैंकिंग सेवाएं BC ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रदान की जा सकती हैं।
- वाणिज्यिक बैंकों के अलावा, बीमा कंपनियों, दूरसंचार कंपनियों, बिजली बोर्डों और यहां तक कि IRCTC सहित कई प्रसिद्ध सेवा प्रदाता, पूरे भारत में अपने ग्राहकों तक पहुंच के लिए पेप्वाइंट इंडिया नेटवर्क का उपयोग करते हैं।

**7.** किस बैंक तथा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) ने एक अंतर्राष्ट्रीय को-ब्रांडेड रुपे NCMC प्लेटिनम कॉन्टेक्टलेस डेबिट कार्ड लॉन्च किया है________ **बैंक ऑफ बड़ौदा।**

**नोट:**

- यह व्यक्ति आधारित रुपे प्लेटिनम अंतर्राष्ट्रीय डेबिट कार्ड BPCL आउटलेट्स पर पहले 2 लेनदेन पर 5 प्रतिशत (50 रुपये तक) कैशबैक सहित विभिन्न लाभों के साथ आता है।
- BoB BPCL रुपे को-ब्रांडेड डेबिट कार्ड "नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (NCMC)" सुविधा के साथ आता है जो देश में सभी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों जैसे महानगरों, बसों, कैब सबअर्बन रेलवे, टोल, पार्किंग तथा टॉप-अप फास्टैग और खुदरा खरीद में संपर्क रहित लेनदेन को सक्षम बनाता है।

**8.** TRIFED ने प्राकृतिक वन धन उत्पादों के प्रचार तथा बिक्री के लिए किस ई-ग्रोसरी प्लेटफॉर्म के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है________ **बिग बास्केट।**

**नोट:**

- इसके साथ, बिग बास्केट जनजातीय आबादी द्वारा हाथ से बनाए गए प्रामाणिक वन उत्पादों के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो को समृद्ध करने में सक्षम होगा।
- TRIFED - TRIBES इंडिया का यह रणनीतिक सहयोग वन धन जनजातीय लाभार्थियों को घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक उनकी पहुंच को बाधित करने वाली चुनौतियों से पार पाने में मदद करेगा।

**9.** विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) ने 2019-20 (FY20) में किए गए नौ-परिवहन के लिए सर्विसेज एक्सपोर्ट फ्रॉम इंडिया स्कीम (SEIS) के तहत प्रति निर्यातक कुल पात्रता पर कितनी सीमा निर्धारित की है_______**5 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- इस कदम से सेवा क्षेत्र के छोटे व्यवसायों को लाभ मिलने की उम्मीद है।
- SEIS को भारत से सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार नीति 2015-2020 के भाग के रूप में छह वर्ष पहले शुरू किया गया था।
- योजना के तहत, सरकार ड्यूटी-क्रेडिट स्क्रिप के रूप में अर्जित शुद्ध विदेशी मुद्रा पर 3-5 प्रतिशत प्रोत्साहन देती है। स्क्रिप का उपयोग आयातित माल पर मूल तथा अतिरिक्त सीमा शुल्क के भुगतान के लिए किया जा सकता है।

**10.** डूबे हुए कर्ज के परिशोधन के लिए भारत सरकार द्वारा स्थापित इंडिया डेब्ट रिजॉल्यूशन कंपनी लिमिटेड (IDRCL) की अधिकृत पूंजी ________ **50 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- IDRCL डूबे हुए कर्ज के परिशोधन के लिए नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (NARCL) के साथ काम करेगी।
- IDRCL के शेयरधारक: बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, SBI, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक और IDBI बैंक।

**11.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा मानक संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा ऋण हस्तांतरण के संबंध में जारी किए गए नए दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रतिभूतिकरण नोट जारी करने के लिए न्यूनतम टिकट साइज़ होगा ________ **1 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- RBI के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रतिभूतिकरण नोट जारी करने के लिए न्यूनतम टिकट साइज़ 1 करोड़ रुपये होगा।
- विभिन्न श्रेणियों के ऋणों के लिए न्यूनतम धारण अवधि जिसके बाद वे हस्तांतरण के पात्र हो जाएंगे, इसमें निर्धारित की गई है।

**12.** ICRA के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत की वास्तविक GDP वृद्धि क्या होगी _________**9.0 प्रतिशत।**

**नोट:**

- यह ध्यान देने योग्य है कि 2020-21 में 7.3 प्रतिशत के संकुचन के बाद, 2021-22 में उच्च वृद्धि की उम्मीद थी।
- हालांकि, वित्तीय वर्ष की शुरुआत में कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर, जो भीतरी प्रदेशों में भी फैल गई, ने विश्लेषकों को अधिक सतर्क कर दिया।
- RBI को उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था 9.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी।

**13.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की दूसरी छमाही के लिए अर्थोपाय ऋण (WMA) की सीमा निर्धारित की है____________ **50,000 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- जब भारत सरकार WMA सीमा का 75% तक उपयोग करती है, तो RBI नए बाजार ऋणों का प्रवर्तन शुरू कर सकता है।
- WMA/ओवरड्राफ्ट पर ब्याज दर:
- WMA के लिए: रेपो दर
- ओवरड्राफ्ट के लिए: रेपो रेट से दो प्रतिशत अधिक

- WMA केंद्रीय बैंक द्वारा दिए जाने वाले अल्पकालिक ऋण हैं जो राज्यों को उनके नकदी प्रवाह में अस्थायी असंतुलन से निपटने में मदद करते हैं।

**14.** किस बैंक ने 'रुपे सिग्नेट कॉन्टेक्टलेस क्रेडिट कार्ड' लॉन्च करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ भागीदारी की है________ **फेडरल बैंक।**

**नोट:**

- यह न्यूनतम वार्षिक प्रतिशत दर (APR) के साथ आता है जो केवल 5.88 प्रतिशत वार्षिक से शुरू होती है।
- फेडरल बैंक रुपे सिग्नेट क्रेडिट कार्डधारक यात्रा, फूड एंड डाइनिंग, खरीदारी, खेल, मनोरंजन, लाइफ स्टाइल इत्यादि श्रेणियों में विभिन्न प्रकार के ऑफर और लेन-देन तक पहुंच प्राप्त करेंगे।

**15.** किस ई-कॉमर्स कंपनी ने भारत में अपना फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम लॉन्च किया है, जो उसका ग्लोबल कंप्यूटर साइंस एजुकेशन प्रोग्राम है_________**अमेजन।**

**नोट:**

- कंपनी के अनुसार, यह कार्यक्रम निम्न प्रतिनिधित्व और अल्पसेवित समुदायों के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर विज्ञान शिक्षा और करियर के अवसरों तक पहुंच को सक्षम बनाएगा।
- अपनी शुरुआत के पहले वर्ष में, अमेजन का लक्ष्य भारत के सात राज्यों के 900 सरकारी तथा सहायता प्राप्त स्कूलों के 1 लाख से अधिक छात्रों को सीखने के अवसर प्रदान करना है।

**16.** केंद्रीय कैबिनेट द्वारा निर्यातकों के साथ-साथ बैंकों को सहायता प्रदान करने के लिए ECGC लिमिटेड (जिसे पहले एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) में कितनी राशि के निवेश को मंज़ूरी दी गई है _________ **4,400 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- पूंजी निवेश तथा नियोजित IPO, ECGC की जोखिम अंकन क्षमता को 88,000 करोड़ तक बढ़ाने और पांच वर्ष की अवधि में अतिरिक्त निर्यात को 5.28 लाख करोड़ तक बढ़ाने हेतु है।
- यह औपचारिक क्षेत्र में 2.6 लाख सहित 59 लाख नए रोजगार सृजित करने में मदद करेगा।
- यह निर्णय पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा की गई निर्यात संबंधी योजनाओं और पहलों का हिस्सा है।
- इन उपायों से निर्यात क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

**17.** किस बैंक ने देश की युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी हेतु लक्षित मोबाइल-फर्स्ट क्रेडिट कार्ड के लिए वनकार्ड के साथ समझौता किया है________**फेडरल बैंक।**

**नोट:**

- यह 23-35 आयु वर्ग के युवा कामकाजी पेशेवरों के लिए नियोजित होगा, जो मुख्य रूप से मिलेनियल्स और जेन Z का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- मोबाइल-फर्स्ट क्रेडिट कार्ड इन-ऐप ऑन-बोर्डिंग प्रदान करता है, जिससे वर्चुअल कार्ड को एक्टिवेट करके तुरंत उपयोग किया जा सकता है, जबकि मेटल कार्ड तीन से पांच दिनों में ग्राहक को दिया जाता है। यह कार्ड वीजा द्वारा संचालित होंगे।

**18.** किस बैंक और मास्टरकार्ड ने एक नया उत्सव अभियान, #UseBefikar शुरू करने की घोषणा की, जो मौजूदा कार्डधारकों को शॉपिंग ऑफर और रिवॉर्ड प्रदान करता है_________**RBL बैंक।**

**नोट:**

- रितेश देशमुख, मीराबाई चानू और विक्रांत मैसी समेत प्रसिद्ध हस्तियों द्वारा समर्थित यह अभियान एक वीडियो सीरीज के माध्यम से चल रहा है जिसका उद्देश्य त्योहार के मौसमों की शुरुआत में कार्डधारकों के साथ तालमेल बिठाना है।
- ये वीडियो हेल्थ तथा फिटनेस, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन बिल भुगतान और फूड डिलीवरी जैसी श्रेणियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए कार्ड के बहु-उपयोगी ऑफरों को सामने लाएंगे।

**19.** किस राज्य ने SRI इंटरनेशनल के एक इंश्योरटेक वेंचर स्पिन-ऑफ 'विंगश्योर' के साथ एक समझौता किया है ________**तेलंगाना।**

**नोट:**

- समझौते के एक भाग के रूप में, विंगश्योर राज्य में लघु, अल्पसेवित किसानों को गहन तकनीक आधारित व्यक्तिगत फसल बीमा उत्पाद और परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा।
- यह वैश्विक कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में पहला गठबंधन है और यह तेलंगाना को भारतीय कृषि में सामाजिक समावेश तथा डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

**20.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक जमा में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर कितनी वृद्धि हुई है________**11.9 प्रतिशत।**

**नोट:**

- मार्च 2021 में CASA जमाराशि का भाग बढ़कर 43.7 प्रतिशत हो गया, जो एक वर्ष पहले 41.7 प्रतिशत था।
- व्यक्ति घरेलू क्षेत्र के प्रमुख घटक थे और कुल जमाराशियों में उनका योगदान 55.8 प्रतिशत था। गैर-वित्तीय निगमों की बैंक जमाराशि में 2020-21 के दौरान 18.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मार्च-2021 में कुल जमाराशि में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 16.2 प्रतिशत हो गई।

## श्रद्धांजलियां

**1.** हुसैन तंतावी किस देश के सेना प्रमुख थे जिनका हाल ही में निधन हो गया__________ **मिस्र।**

**नोट:**

- फील्ड मार्शल तंतावी कुछ 20 वर्षों तक मुबारक के वफादार रक्षा मंत्री रहे।
- तत्कालीन मुख्य जासूस उमर सुलेमान द्वारा 11 फरवरी, 2011 को सरकारी टेलीविजन पर यह घोषणा करने, कि मुबारक अपनी सरकार के खिलाफ 18 दिनों के विरोध के चलते पद छोड़ रहे हैं, के बाद देश का नेतृत्व करने वाले तंतावी थे।
- तंतावी ने सशस्त्र बलों की सर्वोच्च परिषद की अध्यक्षता की, जिसने सत्ता संभाली।

**2.** प्रसिद्ध व्यक्ति रामानुज प्रसाद सिंह का हाल ही में निधन हो गया, वे एक अनुभवी थे_________ **समाचार वाचक।**

**नोट:**

- आकाशवाणी के पूर्व हिंदी समाचार वाचक रामानुज प्रसाद सिंह (86 वर्षीय) का गुरुग्राम में निधन हो गया।
- उन्होंने 3 दशकों तक आकाशवाणी की सेवा की और वर्षों तक समाचार पढ़ने के चलते आम लोगों के बीच प्रसिद्ध हो गए।

**3.** दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त युद्धवीर सिंह डडवाल का हाल ही में निधन हो गया, उन्होंने किस राज्य के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया__________ **अरुणाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- वह 1974 बैच के IPS अधिकारी हैं और जुलाई 2007 से नवंबर 2010 तक दिल्ली के 16वें पुलिस आयुक्त के रूप में कार्यरत रहे।
- सेवानिवृत्ति के बाद, उन्हें नवंबर 2010 में केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सशस्त्र सीमा बल (SSB) का महानिदेशक नियुक्त किया गया था।
- उन्हें 2016 में अरुणाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

**4.** प्रसिद्ध महिला कमला भसीन का निधन हो गया वह एक अनुभवी थीं________ **लेखिका।**

**नोट:**

- उन्होंने विशेष रूप से लैंगिक सिद्धांत तथा नारीवाद पर कई पुस्तकें लिखी, जिनमें से कई का 30 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया है।
- उन्होंने 1970 के दशक में विकासात्मक मुद्दों पर काम करना शुरू किया था।
- वह एक नारीवादी नेटवर्क - संगत के साथ अपने काम और अपनी कविता 'क्योंकि मैं लड़की हूं, मुझे पढ़ना है' के लिए प्रसिद्ध थीं।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** विश्व राइनो दिवस हर वर्ष मनाया जाता है__________**22 सितंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य गैंडों की अफ्रीकी तथा एशियाई प्रजातियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- विश्व राइनो दिवस की घोषणा वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड-दक्षिण अफ्रीका द्वारा 2010 में की गई थी।
- अफ्रीकी प्रजातियों तथा सुमात्रा गैंडे दोनों के दो सींग होते हैं, जबकि भारत और जावा के गैंडो के एक ही सींग होते हैं।
- विश्व राइनो दिवस 2021 का विषय 'Keep the Five Alive' है।

**2.** सांकेतिक भाषाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सांकेतिक भाषाओं की स्थिति को सशक्त करने के लिए दुनिया भर में हर वर्ष मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (IDSL) का विषय_________**23 सितंबर।**

**नोट:**

- सांकेतिक भाषाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनकी स्थिति को सशक्त करने के लिए दुनिया भर में हर वर्ष 23 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (IDSL) मनाया जाता है।
- IDSL के लिए 23 सितंबर की तारीख इसलिए चुनी गई है क्योंकि यह 23 सितंबर 1951 को वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द डेफ की स्थापना की याद दिलाती है।
- इसे पहली बार 2018 में अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह के रूप में मनाया गया था।

**3.** 99वां सैन्य अभियंता सेवा स्थापना दिवस कब मनाया गया__________**26 सितंबर।**

**नोट:**

- इस अवसर पर इंजीनियर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ने सभी सैन्य अभियंता सेवा कर्मियों से स्वयं को सैन्य इंजीनियरिंग सेवाओं के प्रति समर्पित करने का आग्रह किया।
- MES एक प्रमुख निर्माण एजेंसी है और भारतीय थलसेना की कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।
- यह सशस्त्र बलों और रक्षा मंत्रालय (MoD) के अन्य संबद्ध संगठनों की पिछली पंक्ति को इंजीनियरिंग सहायता प्रदान करती है।

**4.** विश्व पर्यटन दिवस 2021 का विषय _______ **Tourism for Inclusive Growth**

**नोट:**

- यह पहली बार 1980 में मनाया गया था।
- WTD 2021 का विषय: Tourism for Inclusive Growth
- इस तारीख को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा 1970 में UNWTO की संविधियों को अपनाने के उपलक्ष्य में चुना गया था।

**5.** सूचना तक सार्वभौमिक पहुंच का अंतर्राष्ट्रीय दिवस (सूचना तक पहुंच दिवस) हर वर्ष मनाया जाता है__________**28 सितंबर।**

**नोट:**

- सूचना तक सार्वभौमिक पहुंच: स्वस्थ तथा समावेशी ज्ञान वाले समाजों के लिए हर किसी को जानकारी खोजने, प्राप्त करने और प्रदान करने का अधिकार है।
- प्रारंभ में, इसे यूनेस्को द्वारा नवंबर 2015 में निर्दिष्ट किया गया था और पहली बार 28 सितंबर 2016 को मनाया गया था।

**6.** विश्व रेबीज दिवस 2021 का विषय क्या है_______ **Rabies: Facts, not Fear**

**नोट:**

- 2021 विश्व रेबीज दिवस का 15वां संस्करण है।
- WRD 2021 का विषय: Rabies: Facts, not Fear
- यह दिवस फ्रांसीसी रसायनज्ञ तथा सूक्ष्म जीवविज्ञानी, लुई पाश्चर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्होंने पहली रेबीज वैक्सीन विकसित की थी।

**7.** विश्व हृदय दिवस (WHD) 2021 का विषय क्या है_________ **USE HEART to connect**

**नोट:**

- विश्व हृदय दिवस (WHD) हर वर्ष 29 सितंबर को लोगों का ध्यान हृदय रोग और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की ओर आकर्षित करने के लिए मनाया जाता है।
- WHD की शुरुआत वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन द्वारा 1999 में हृदय रोग और स्ट्रोक सहित हृदवाहिनी रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी।
- यह 2011 तक मूल रूप से सितंबर के अंतिम रविवार को मनाया जाता था।

**8.** खाद्य पदार्थों के अपव्यय की समस्या के समाधान हेतु वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देने और कार्यान्वित करने के लिए हर वर्ष किस तारीख को खाद्य हानि और अपशिष्ट जागरूकता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है ______**29 सितंबर।**

**नोट:**

- 2021 का विषय: Stop food loss and waste. For the people. For the planet
- 29 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2019 में खाद्य हानि और अपशिष्ट जागरूकता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस निर्दिष्ट किया गया।
- यह पहली बार 2020 में मनाया गया था।

**9.** अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस 2021 का विषय_______ **United in translation**

**नोट:**

- इस दिवस का आयोजन इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ ट्रांसलेटर्स (FIT) द्वारा किया जाता है।

- विषय 2021: United in translation

10. विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर वर्ष मनाया जाता है________ **25 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस ऐसी गतिविधियों के प्रोत्साहन हेतु मनाया जाता है जो दुनिया के हर कोने में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका को बढ़ावा देती हैं और उनका समर्थन करती हैं।
- 2021 का विषय: "Pharmacy: Always trusted for your health"
- यह दिवस 2009 में FIP काउंसिल (इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन या फ़ेडरेशन इंटरनेशनेल फ़ार्मास्युटिक) द्वारा इस्तांबुल में वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ फार्मेसी एंड फार्मास्युटिकल साइंसेज में निर्दिष्ट किया गया था।

11. इंटरनेशनल कार-फ्री डे हर वर्ष मनाया जाता है_______**22 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस ग्रह से ऊष्मा को दूर करने और शहर के योजनाकारों तथा राजनेताओं पर ऑटोमोबाइल के बजाय साइकिल चलाने, पैदल चलने और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने का जोर डालने का सही समय है।

## नई नियुक्तियां

1. 1 अक्टूबर 2021 से अगला वायुसेना प्रमुख (CoAS) किन्हें नियुक्त किया गया है________ **विवेक राम चौधरी।**

**नोट:**

- वर्तमान में, वह वायु सेना उप-प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं।
- वह मौजूदा एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 सितंबर, 2021 को समाप्त होगा।
- वह 1 अगस्त, 2020 से वेस्टर्न एयर कमांड के प्रमुख थे।

2. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा किस भारतीय को नया सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (SDG) एडवोकेट नियुक्त किया गया________ **कैलाश सत्यार्थी।**

**नोट:**

- चार नवनियुक्त एडवोकेट हैं: नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, STEM कार्यकर्ता वेलेंटीना मुनोज़ रबनाल, माइक्रोसॉफ्ट के प्रेसीडेंट ब्रैड स्मिथ और के-पॉप सुपरस्टार ब्लैकपिंक (दक्षिण कोरियाई गर्ल्स ग्रुप)।
- इसके अलावा, UN में अब कुल 16 SDG एडवोकेट हैं।
- SDG एडवोकेट दुनिया के वे प्रमुख व्यक्ति हैं जो अपने प्रभाव क्षेत्रों का उपयोग करते हुए 2030 तक 17 SDG हासिल करने के लिए कार्यवाही करने का काम करते हैं।

3. नेशनल कैडेट कॉर्प्स (NCC) के 34वें महानिदेशक का पदभार किसने ग्रहण किया _______ **गुरबीरपाल सिंह।**

**नोट:**

- उन्होंने तरुण कुमार आइच की जगह ली।
- उन्हें 1987 में पैराशूट रेजिमेंट में कमीशन किया गया था।
- उन्होंने कश्मीर में घाटी क्षेत्र के गहन आतंकवाद-रोधी वातावरण और लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल में एक विशेष सैन्यबल बटालियन की कमान संभाली है।

4. मास्टरकार्ड का वैश्विक ब्रांड एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया________**मैग्नस कार्लसन।**

**नोट:**

- यह कदम मास्टरकार्ड द्वारा खेल प्रायोजन की अपनी प्रतिष्ठित सूची में शतरंज को जोड़ने के कदम का एक भाग है।
- शतरंज में अपने पहले प्रायोजन कदम में, इसने एक आधिकारिक भागीदार के रूप में मेल्टवाटर चैंपियंस शतरंज टूर को शामिल किया है।

5. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) का बाह्य लेखा परीक्षक किन्हें नियुक्त किया गया ______ **जी.सी. मुर्मू।**

**नोट:**

- उनका कार्यकाल 2022 से 2027 तक छह वर्ष के लिए वैध होगा।
- वियना में IAEA की महासभा में उन्हें IAEA का अगला बाह्य लेखा परीक्षक चुना गया था।

6. अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (AIMA) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया _______ **सी.के. रंगनाथन।**

**नोट:**

- सी.के. रंगनाथन को सितंबर 2022 तक एक वर्ष के लिए अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (AIMA) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- वे केविनकेयर के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं।
- उन्होंने हर्ष पति सिंघानिया (जेके पेपर के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक) की जगह ली।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. खाद्य सुरक्षा के पांच मानकों में राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के तीसरे राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) में बड़े राज्यों की श्रेणी में कौन सा राज्य शीर्ष पर है_______**गुजरात।**

**नोट:**

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री मनसुख मंडाविया ने खाद्य सुरक्षा के पांच मानकों में राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) का तीसरा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) जारी किया।
- छोटे राज्यों में, गोवा पहले स्थान पर रहा, उसके बाद मेघालय और मणिपुर थे।
- केंद्र शासित प्रदेशों में, जम्मू और कश्मीर, अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह और नई दिल्ली ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

2. विभिन्न जलवायु तथा पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) मुद्दों से उत्पन्न जोखिमों के खिलाफ देश के वित्तीय क्षेत्र के लचीलेपन को अधिक मजबूत करने के लिए सिफारिशों को अंतिम रूप देने हेतु केंद्र सरकार द्वारा गठित टास्क फोर्स का नेतृत्व कौन करेगा ______ **अजय सेठ।**

**नोट:**

- इसकी अध्यक्षता आर्थिक कार्य सचिव, अजय सेठ करेंगे।
- समिति विभिन्न जलवायु तथा पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) मुद्दों से उत्पन्न जोखिमों के खिलाफ देश के वित्तीय क्षेत्र के लचीलेपन को अधिक मजबूत करने के तरीकों पर गौर करेगी।
- यह भारत में संधारणीय वित्त का भी ध्यान रखेगी।

3. भारत में दो और समुद्र तटों को फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन (FEE) द्वारा प्रतिष्ठित 'ब्लू फ्लैग' प्रमाणन दिया गया है, अब देश में ऐसे समुद्र तटों (बीचों) की कुल संख्या है_________**10।**

**नोट:**

- डेनमार्क में फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन (FEE) ने तमिलनाडु में कोवलम और पुडुचेरी में ईडन समुद्र तटों (बीच) को प्रमाणन प्रदान किया।
- फाउंडेशन ने 8 समुद्र तटों (बीच) को पुन: प्रमाणन भी दिया, जिन्हें पिछले वर्ष ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया था, जिनमें शामिल हैं: गुजरात में शिवराजपुर, दीव में घोघला, कर्नाटक में कासरकोड और पादुबिद्री, केरल में कप्पद, आंध्र प्रदेश में रुशिकोंडा, ओडिशा में गोल्डन, और अंडमान एवं निकोबार में राधानगर।

4. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने किसकी अध्यक्षता में स्कूल, बाल्यकाल, शिक्षक तथा वयस्क शिक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम विकसित करने हेतु 12 सदस्यीय समिति का गठन किया गया ________ **के. कस्तूरीरंगन।**

**नोट:**

- चार राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) को विकसित करने वाली समिति का नेतृत्व राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (NEP-2020) मसौदा समिति के अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन करेंगे।
- कस्तूरीरंगन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख भी हैं।

5. केंद्रीय मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल ने किस पोर्ट से ड्वार्फ कंटेनर ट्रेन सेवा को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ________ **जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (JNPT)।**

**नोट:**

- यह मुंबई स्थित JNPT बंदरगाह से ड्वार्फ कंटेनरों की पहली खेप है, जो भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह है।
- यह खेप ट्रेन द्वारा अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (ICD), कानपुर ले जाया गया।
- ड्वार्फ कंटेनरों का मुख्य लाभ यह है कि ये आकार में छोटे होते हैं जिसके कारण उन्हें एक के ऊपर एक करके रखा जा सकता है और इन्हें विद्युतीकृत पटरियों पर आसानी से चलाया जा सकता है।

6. माल तथा सेवा कर (GST) परिषद की 45वीं बैठक किस शहर में आयोजित की गई थी__________**लखनऊ।**

**नोट:**

- कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज एस. बोम्मई के नेतृत्व में एक मंत्री समूह (GoM) को दो महीने के भीतर कर दरों के युक्तिकरण और विभिन्न कर स्लैब के विलय पर विचार करने का प्रस्ताव दिया गया है।
- यह सरकार द्वारा राजस्व बढ़ाने के लिए अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को पूरी तरह से बदलने की दिशा में पहला कदम है।
- दर युक्तिकरण पर GoM के विचारार्थ विषयों में कहा गया है कि यह सभी मदों में विपरीत शुल्क ढांचे की समीक्षा करेगा, इसमें परिषद द्वारा पहले ही विपरीत ढांचे को ठीक करने के अपने निर्णय की घोषणा वाली मदें शामिल नहीं हैं।

7. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन किसने लॉन्च किया __________ **नरेंद्र मोदी।**

**नोट:**

- "इस मिशन में हमारी स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता है।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन गरीब तथा मध्यम वर्ग के चिकित्सा उपचार में आने वाली समस्याओं को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

8. किस संगठन ने डेयरी फार्मिंग में महिलाओं के लिए देशव्यापी प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया _________**राष्ट्रीय महिला आयोग।**

**नोट:**

- NCW डेयरी फार्मिंग और मूल्यवर्धन, गुणवत्ता वृद्धि, पैकेजिंग तथा डेयरी उत्पादों के विपणन जैसे अन्य पहलुओं से संबद्ध गतिविधियों से जुड़ी महिलाओं की पहचान करने और उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए पूरे भारत में कृषि विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

**9.** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने किस विषय के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण (SS) 2022 का लगातार सातवां संस्करण जारी किया है_______ **People First**

**नोट:**

- अपनी मुख्य धारणा 'पीपल फर्स्ट' के साथ तैयार, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को अग्रिम पंक्ति के स्वच्छता कर्मियों के समग्र कल्याण के लिए शहरों की पहल पर पकड़ बनाने हेतु तैयार किया गया है।
- इसके साथ, MoHUA ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के सप्ताह भर चलने वाले समारोहों की भी शुरुआत की।

**10.** किस मंत्रालय के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत बीज पूंजी मॉड्यूल को वर्चुअली लॉन्च किया _______ **आवास और शहरी कार्य मंत्रालय।**

**नोट:**

- इसे दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) MIS पोर्टल पर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में काम कर रहे शहरी स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए लॉन्च किया गया था।
- PMFME योजना के तहत 40,000 रुपये प्रति SHG सदस्य बीज पूंजी सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल को https://nulm.gov.in/Auth/Login.aspx पर प्राप्त किया जा सकता है।
- PMFME योजना भारत में असंगठित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और औपचारिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

**11.** किस मंत्रालय ने भारतीय स्टार्ट-अप तथा तकनीकी उद्यमियों के लिए प्लैनेटेरियम इनोवेशन चैलेंज शुरू किया है _______ **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।**

**नोट:**

- चैलेंज का उद्देश्य ऐसी तकनीकी कंपनियों और स्टार्ट-अप्स (भारत से बाहर) को एक साथ लाना है, जिनमें ऑगमेंटेड रियलिटी (AR), वर्चुअल रियलिटी (VR) और मर्ज्ड रियलिटी (MR) सहित नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके एक स्वदेशी प्लैनेटेरियम सिस्टम सॉफ्टवेयर बनाने की क्षमता है।

**12.** नेशनल बी बोर्ड के साथ सक्रिय सहयोग के तहत गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ लिमिटेड के उत्पाद 'अमूल हनी' को किसने लॉन्च किया________**नरेंद्र सिंह तोमर।**

**नोट:**

- इस लॉन्च में 500 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ मधुमक्खी पालन के माध्यम से किसानों और मधुमक्खी पालकों की आय को दोगुना करने के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन के महत्व को देखा गया।
- शहद की गुणवत्ता देश में एक प्रमुख चिंता का विषय है जिसके लिए पूरे देश में 5 बड़ी क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं और 100 छोटी शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जा रही हैं।

**13.** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहां पर देश के पहले "स्पोर्ट्स आर्बिट्रेशन सेंटर ऑफ इंडिया" का उद्घाटन किया, जो खेल क्षेत्र में विवादों की फास्ट-ट्रैक निगरानी के लिए एक स्वतंत्र निकाय के रूप में काम करेगा

________**गुजरात।**

**नोट:**

- इस केंद्र का "दूरगामी प्रभाव" होगा और यह देश के खेल क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- SACI को अहमदाबाद स्थित SE ट्रांसस्टेडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा खेल क्षेत्र में विवादों की फास्ट-ट्रैक निगरानी के लिए एक स्वतंत्र निकाय के रूप में प्रोत्साहित किया गया है।

**14.** आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) ने राष्ट्रीय योजना "पीएम पोषण इन स्कूल" को कब तक जारी रखने की मंजूरी दी है, जिसे पहले 'नेशनल प्रोग्राम फॉर मिड-डे मील इन स्कूल' के रूप में जाना जाता था______**2025-26।**

**नोट:**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'पीएम पोषण इन स्कूल' योजना जारी करने को मंजूरी दी, जो देश भर के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों को गर्म तथा पका हुआ भोजन प्रदान करेगी।
- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसमें सरकारी तथा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले सभी बच्चे शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** उत्तर प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बढ़ावा देने के लिए किस स्थान पर 'इलेक्ट्रॉनिक पार्क' विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी ________ **नोएडा।**

**नोट:**

- जेवर हवाई अड्डे के निकट 250 एकड़ क्षेत्र में पार्क विकसित करने का प्रस्ताव है।
- यह लगभग 50,000 करोड़ रुपये के निवेश से बनाया जाएगा और इसके अलावा हजारों स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजित करेगा।
- मोबाइल फोन, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं सहायक उपकरण निर्माता राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां पार्क में अपनी इकाइयां स्थापित करेंगी।

**2.** किस राज्य सरकार ने एक मोबाइल म्यूजिक क्लासरूम और रिकॉर्डिंग स्टूडियो शुरू किया है जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों को संगीत के प्रति उनके जुनून को आगे बढ़ाने में सहायता करना है __________**दिल्ली।**

**नोट:**

- दिल्ली सरकार ने दावा किया कि यह भारत की पहली 'मोबाइल म्यूजिक बस' है, और इसका उद्देश्य बच्चों को इन क्षेत्रों में स्थायी करियर बनाने में सहायता हेतु ऑडियो निर्माण और फिल्म निर्माण सहित मीडिया-आधारित पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित करना है।
- इस परियोजना से 5,000 बच्चों को लाभ मिलने की संभावना है।
- इस परियोजना के तहत, एक बस को एक गतिमान म्यूजिक क्लासरूम, एक उच्च गुणवत्ता वाले म्यूजिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो और एक परफॉर्मिंग स्टेज में बदला गया है।

**3.** किस राज्य सरकार ने फीकल स्लज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट (FSSM) और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) पर शहरी-ग्रामीण अभिसरण के लिए UNICEF और सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (CPR) के साथ करार किया है________ **ओडिशा।**

**नोट:**

- आवास एवं शहरी विकास (H&UD), पंचायती राज एवं पेयजल (PR&DW) विभाग और यूनिसेफ तथा CPR के बीच एक समझौता पत्र (LoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
- शहरी-ग्रामीण अभिसरण के माध्यम से जिला-व्यापी FSSM और PWM सुनिश्चित करने के लिए दोनों विभागों के प्रयासों को मजबूत करने पर केंद्रित पहल पहले चरण में सात जिलों में शुरू की जाएगी।

- ग्राम पंचायतों को प्रभावी फीकल स्लज और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अब शहरी सुविधाओं जैसे फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (FSTP) और मैटेरियल रिकवरी सुविधाओं हेतु चिन्हित किया जाएगा।

4. भारत के भौगोलिक संकेतक (GI) रजिस्ट्रार द्वारा किस राज्य के मीठे खीरे को आधिकारिक तौर पर राज्य के लिए एक अनूठे कृषि उत्पाद के रूप में प्रमाणित किया गया ________ **नागालैंड।**

**नोट:**

- यह GI टैग प्राप्त करने वाला नागालैंड से तीसरा और कुल मिलाकर चौथा कृषि उत्पाद है।
- GI टैग जियोग्राफिकल इंडिकेशन्स ऑफ गुड्स (रजिस्ट्रेशन एंड प्रोटेक्शन) एक्ट, 1999 के तहत प्रदान किया गया है।
- नागा खीरा की खेती अधिकतर राज्य के मोन, मोकोकचुंग, पेरेन और वोखा जिलों में होती है।

5. खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने हाल ही में किस राज्य में 'टसर सिल्क यार्न उत्पादन केंद्र' की स्थापना की है_______ **ओडिशा।**

**नोट:**

- यह सिल्क यार्न उत्पादन केंद्र टसर सिल्क यार्न की स्थानीय उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, स्थानीय रोजगार उत्पन्न करेगा और रेशम उत्पादन लागत को कम करेगा।
- टसर सिल्क रेशम की बेहतरीन किस्मों में से एक है जिसे इसके खुरदरेपन और छिद्रित बुनाई से पहचाना जा सकता है जो इसे एक मजबूत और अपरिष्कृत रूप देता है।

6. जुडिमा राइस वाइन किस राज्य की है जिसे भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया________**असम।**

**नोट:**

- जुडिमा: चावल से बना स्थानीय किण्वित पेय, जिसे असम में दिमासा समुदाय द्वारा तैयार किया गया है।
- इसका नाम दो शब्दों से लिया गया है, जू शब्द जिसका अर्थ है शराब और दीमा शब्द जिसका अर्थ है 'दिमासा से संबंध'।
- यह GI टैग प्राप्त करने वाला पूर्वोत्तर का पहला पारंपरिक पेय है।

7. सोजत मेहंदी (हीना) किस राज्य की है जिसे भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया ______**राजस्थान।**

**नोट:**

- राजस्थान के पाली जिले की सोजत तहसील में प्राकृतिक रूप से मेहंदी की फसल उगाने के लिए उपयुक्त भूवैज्ञानिक संरचना, स्थलाकृति और अपवाह तंत्र, जलवायु तथा मृदा है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. कौन सा देश शंघाई सहयोग संगठन (SCO) का 9वां सदस्य बना_______ **ईरान।**

**नोट:**

- ईरान को पिछले 15 वर्षों से पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त था।
- तकनीकी तथा विधि प्रक्रिया को समाप्त होने में दो वर्ष लग सकते हैं।
- SCO के पूर्णकालिक सदस्य: चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान।

2. जस्टिन ट्रूडो किस देश के प्रधान मंत्री हैं जिन्होंने हाल ही में अपने देश के 2021 के संसदीय चुनावों में तीसरे कार्यकाल के लिए जीत हासिल की _______**कनाडा।**

**नोट:**

- उनकी लिबरल पार्टी चुनाव में हाउस ऑफ कॉमन्स की 338 सीटों में से केवल 155 सीटों पर जीत दर्ज करके अल्पमत ही प्राप्त कर सकी, जबकि एरिन ओ'टोल के नेतृत्व में कंजरवेटिव को 123 सीटें प्राप्त हुई।
- हाउस ऑफ कॉमन्स में बहुमत के लिए एक पार्टी को 170 सीटों की आवश्यकता होती है।
- जस्टिन ट्रूडो 2015 से सत्ता में हैं।

3. किस देश ने ई-कॉमर्स क्षेत्र की उचित निगरानी के लिए एक ई-कॉमर्स नियामक संस्था स्थापित करने का निर्णय लिया है ___________**बांग्लादेश।**

**नोट:**

- बांग्लादेश की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी के कथित तौर पर उपभोक्ताओं के साथ सैकड़ों करोड़ की ठगी के बाद यह कदम उठाया है।
- अन्य प्रस्तावों में केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रकोष्ठ का गठन, अनिवार्य पंजीकरण, योजनाकारों के खिलाफ कार्यवाही और डिजिटल सुरक्षा अधिनियम तथा धन शोधन निवारण अधिनियम में संशोधन शामिल हैं।

4. भारत ने किस देश के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोयला तथा खान पर संयुक्त कार्य समूह (JWG) की पहली बैठक आयोजित की_________ **ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- यह अगले महीने होने वाली आगामी भारत-ऑस्ट्रेलिया ऊर्जा वार्ता की पूर्ववर्ती है।
- बैठक की सह-अध्यक्षता भारत की ओर से कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव विनोद कुमार तिवारी और ऑस्ट्रेलियाई की ओर से संसाधन विभाग के प्रमुख पॉल ट्रॉटमैन ने की।
- चर्चा वर्तमान तथा भविष्य के परिदृश्य में भारतीय कोयला संसाधनों, महत्वपूर्ण तथा सामरिक खनिज मांग तथा आपूर्ति परिदृश्य और ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ अनुबंधों पर केंद्रित थी।

5. संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के खिलाफ भारत में खाद्य, पोषण सुरक्षा तथा आजीविका में सुधार के लिए किस संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं________ **ICRISAT**

**नोट:**

- WFP और ICRISAT पारंपरिक पोषक फसलों पर शोध, समर्थन और जागरूकता को बढ़ावा देने, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा विश्लेषण और अनुकूलन रणनीतियों के अलावा अन्य कार्य करने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे।

6. सितंबर 2021 में, कौन सा देश समलैंगिक विवाह को अपनाने वाला दुनिया का 30वां देश बन गया, जो ऐसा करने वाले अंतिम शेष पश्चिमी यूरोपीय देशों में से एक है_________**स्विट्जरलैंड।**

**नोट:**

- स्विस संघीय चांसलर द्वारा उपलब्ध कराए गए परिणामों के अनुसार, रविवार के राष्ट्रव्यापी जनमत संग्रह में 64.1 प्रतिशत मतदाताओं ने समलैंगिक विवाह के पक्ष में मतदान किया।
- स्विटजरलैंड समलैंगिक विवाह को अपनाने वाला दुनिया का 30वां देश है, और ऐसा करने वाले अंतिम शेष पश्चिमी यूरोपीय देशों में से एक है।
- नीदरलैंड 2001 में ऐसा करने वाला पहला देश था।

7. सितंबर 2021 में, भारत ने किस देश के साथ व्हाइट शिपिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए ________**ओमान।**

**नोट:**

- भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह की ओमान की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मस्कट में समुद्री सुरक्षा केंद्र (MSC) में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- व्हाइट शिपिंग सूचना के आदान-प्रदान पर समझौता ज्ञापन से समुद्री सुरक्षा, आपसी सहयोग, सूचनाओं के आदान-प्रदान और पूरे क्षेत्र में व्याप्त चिंताओं तथा खतरों को समझने में सहायता मिलने की उम्मीद है।

**8.** कौन सा देश वर्ष 2022 में मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के साथ-साथ कार्गो अंतरिक्ष यान को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) में लॉन्च करने की योजना बना रहा है _______ **रूस।**

**नोट:**

- जानकारी फ्लाइट प्रोग्राम से प्राप्त की गई थी।
- कार्यक्रम संकेत देता है कि रूस 18 मार्च, 2022 को अंतरिक्ष यात्री ओलेग आर्टेमयेव, डेनिस माटेयेव और सर्गेई कोर्साकोव के साथ सोयुज MS-21 अंतरिक्ष यान को लॉन्च करने की योजना बना रहा है।
- सोयुज MS-22 अंतरिक्ष यान 21 सितंबर को अंतरिक्ष यात्री सर्गेई प्रोकोपयेव, अन्ना किकिना और दिमित्री पेटलिन के साथ लॉन्च होने वाला है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** किस संगठन ने 'बेस्ट यूज़ ऑफ डिजिटल टेक्नोलॉजी' में चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई (CIPS) एक्सीलेंस इन प्रोक्योरमेंट अवार्ड्स 2021 जीता _______ **गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GeM)।**

**नोट:**

- एक सार्वजनिक खरीद मंच GeM पोर्टल ने अगस्त 2017 में अपनी स्थापना के बाद से 54,600 से अधिक सरकारी खरीदारों के लिए 2.7 मिलियन से अधिक पंजीकृत विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं से 1,39,884 करोड़ के लगभग 7.61 मिलियन ऑर्डर की पूर्ति की है।
- कुल ऑर्डर मूल्य का 56.9% से अधिक 723,000 से अधिक लघु उद्यमों को किया गया।

**2.** किस मंत्रालय ने 15 राज्यों के 75 दिव्यांगजन उम्मीदवारों को हुनरबाज पुरस्कार प्रदान किए_________ **ग्रामीण विकास मंत्रालय।**

**नोट:**

- वर्चुअल पुरस्कार समारोह का आयोजन NIRDPR द्वारा MoRD के साथ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों के सहयोग से किया गया था।
- SRLM के CEO और RSETI के निदेशकों ने संबंधित राज्यों में दिव्यांगजनों को पुरस्कार प्रदान किए।

**3.** वर्ल्ड बुक कैपिटल सलाहकार समिति के मूल्यांकन के बाद किस शहर को 2023 के लिए यूनेस्को वर्ल्ड बुक कैपिटल चुना गया है_______ **अक्करा, घाना।**

**नोट:**

- 2022 में ग्वाडलजारा (मेक्सिको) के बाद, अक्करा शहर को युवा लोगों पर उसके ध्यान और घाना की संस्कृति तथा संपदा में योगदान की उनकी क्षमता के लिए चुना गया था।
- अक्करा का प्रस्तावित कार्यक्रम इन युवा लोगों को आकर्षित करने के लिए पुस्तकों की शक्ति का उपयोग अगली पीढ़ी को कुशल बनाने के एक प्रभावी तरीके के रूप में करने का प्रयास करता है।

## खेल समाचार

**1.** 2022 शीतकालीन ओलंपिक तथा पैरालंपिक खेल किस देश में आयोजित होंगे________**चीन।**

**नोट:**

- बीजिंग 2022 के आदर्श वाक्य 'एक साझा भविष्य हेतु एक साथ' पर प्रकाश डालते हुए आधिकारिक पोस्टरों के तीन सेट और शीतकालीन खेलों एवं चीनी संस्कृति को दर्शाने वाली 11 प्रचार सामग्री जारी की गईं।
- यह नारा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान सामने आई कठिनाइयों को देखते हुए मानव जाति के लिए एक साझा भविष्य और एक बेहतर कल की दिशा में मिलकर काम करने के साथ एक समुदाय के रूप में वैश्विक चुनौतियों से पार पाने हेतु खेलों की शक्ति को दर्शाता है।

**2.** बीजिंग 2022 शीतकालीन ओलंपिक का आदर्श वाक्य ________ **एक साझा भविष्य हेतु एक साथ (Together for a Shared Future)।**

**नोट:**

- यह आदर्श वाक्य ओलंपिक भावना प्रकट करने का चीनी शैली का प्रतीक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि 'एक साथ' एक प्रकार की एकता, सामंजस्य और कठिनाइयों पर काबू पाने की शैली को दर्शाता है।
- खेल 4 से 20 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे, बीजिंग ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन दोनों ओलंपिक की मेजबानी करने वाला पहला शहर बन जाएगा।

**3.** कौन सा राज्य नवंबर 2021 में आयोजित होने वाले जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा________**ओडिशा।**

**नोट:**

- मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राजधानी भुवनेश्वर में इसकी घोषणा की।
- उन्होंने टूर्नामेंट के लिए लोगो तथा ट्रॉफी का भी अनावरण किया।
- 24 नवंबर से 5 दिसंबर 2021 तक भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम में 16 देश भाग लेंगे।
- ओडिशा ने 2018 पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी की थी।

**4.** फॉर्मूला वन रूसी ग्रैंड प्रिक्स 2021 किसने जीती___________ **लुईस हैमिल्टन।**

**नोट:**

- रूसी ग्रैंड प्रिक्स 2021 में मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल - नीदरलैंड) दूसरे स्थान पर रहे, उनके बाद कार्लोस सैन्ज़ (फेरारी-स्पेन) आए।
- कार्लोस सैन्ज़ ने रूस में अपनी पहली जीत दर्ज की।
- वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज-फिनलैंड) 5वें स्थान पर रहे।
- यह 2021 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप का 15वां राउंड था।

**5.** ज्योति सुरेखा वेन्नम किस खेल से संबंधित हैं________ **तीरंदाजी।**

**नोट:**

- फाइनल में कोलंबिया की सारा लोपेज ने ज्योति को 146-144 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की भारतीय जोड़ी मिश्रित युगल के फाइनल मुकाबले में भी कोलंबियाई जोड़ी से हार गई।
- ज्योति सुरेखा ने 2011 एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते।

**6.** किसके साथ साझेदारी में भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने ओस्ट्रावा ओपन 2021 का महिला युगल फाइनल जीता ________ **शुआई झांग।**

**नोट:**

- उन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त कैटलिन क्रिस्टियन (अमेरिका) और एरिन रूटलिफ (न्यूजीलैंड) के खिलाफ 6-3, 6-2 से खिताब जीता।
- यह पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 सानिया मिर्जा की 43वीं WTA युगल खिताबी जीत है।
- 2021 ओस्ट्रावा ओपन महिला एकल खिताब: एनेट कोंटेविट ने फाइनल में मारिया सक्कारी को 6-2, 7-5 से हराकर अपना पहला WTA 500 खिताब जीता।

**7.** 2021 राइडर कप किसने जीता, जो पुरुषों की द्विवार्षिक गोल्फ प्रतियोगिता है_________**अमेरिका।**

**नोट:**

- यह राइडर कप के इतिहास में सबसे बड़े अंतर की जीत है।
- राइडर कप एक द्विवार्षिक पुरुष गोल्फ प्रतियोगिता है जो यूरोप तथा अमेरिका की टीमों के बीच आयोजित की जाती है।

## पुस्तकें एवं लेखक

**1.** 'डांसिंग विद ड्रीम्स' पुस्तक के लेखक _________ **आदित्यनाथ दास।**

**नोट:**

- कविताएं कवि की आंतरिक यात्रा को दर्शाती हैं।
- वे इस बात पर जोर देते हैं कि अंदर या बाहर चाहे जो भी तनाव और अशांति हो, व्यक्ति तब भी मानवीय बना रह सकता है।

**2.** '400 डेज' पुस्तक के लेखक कौन हैं ________**चेतन भगत।**

**नोट:**

- 'द गर्ल इन रूम 105' और 'वन अरेंज मर्डर' के बाद केशव-सौरभ श्रृंखला में यह तीसरा उपन्यास है।
- 400 डेज़ असमंजस, मानवीय रिश्तों, प्यार, दोस्ती, पागल दुनिया जिसमें हम रहते हैं और सबसे बढ़कर, एक मां के कभी हार न मानने के दृढ़ संकल्प की कहानी है।
- इसे वेस्टलैंड पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।

**3.** "द बैटल ऑफ रेजांग लॉ" पुस्तक किसने लिखी _______**कुलप्रीत यादव।**

**नोट:**

- पुस्तक पेंगुइन रैंडम हाउस के "वीर" इम्प्रिंट के तहत प्रकाशित हुई थी।
- नई पुस्तक 120 भारतीय सैनिकों की कहानी बताती है जिन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध में 5,000 मजबूत चीनी सैनिकों के खिलाफ वीरता से लड़ाई लड़ी, ताकि पूरे लद्दाख क्षेत्र पर संभावित कब्जे को रोका जा सके।

**4.** 'माई लाइफ इन फुल: वर्क, फैमिली एंड अवर फ्यूचर' पुस्तक किस व्यवसायी महिला का संस्मरण है__________**इंदिरा नूई।**

**नोट:**

- अपनी पुस्तक में इंदिरा नूई इस महत्व पर ध्यान केंद्रित करती हैं कि कामकाजी महिलाओं के जीवन में संगठनात्मक समर्थन की भूमिका होती है।
- वह बताती हैं कि चेन्नई की एक मध्यमवर्गीय लड़की, जो "पुरुषों के साथ बिजनेस स्कूल गई, पुरुषों द्वारा शिक्षित की गई और पुरुषों के वर्चस्व वाले उद्योगों में प्रवेश करने के लिए पुरुषों के काम का अध्ययन किया",

कैसे 2006 में पेप्सिको की वैश्विक मुख्य कार्यकारी बनी और फॉर्च्यून 500 कंपनी का नेतृत्व करने वाली 11वीं महिला बनी।

**5.** ऑडियोबुक 'जंगल नामा' के लेखक__________ **अमिताव घोष।**

**नोट:**

- यह कला की दुनिया की तीन सबसे प्रभावशाली हस्तियों के बीच एक विशेष सहकार्य है।
- यह लोभी अमीर व्यापारी डोना, गरीब किशोर दुखे और उसकी मां की कहानी है।
- "जंगल नामा" दंतकथा का एक मुक्त रूपांतरण है, जो 24 शब्दांशों के दोहे के पूर्णतया पोयार-जैसे छंद में कही गई हैं, यह मूल की तालबद्ध प्रतिकृति है।

## विज्ञान एवं रक्षा

**1.** भारत और किस देश के बीच में द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'समुद्र शक्ति 2021' का तीसरा संस्करण आयोजित किया गया __________ **इंडोनेशिया।**

**नोट:**

- हाल ही में, भारत और इंडोनेशिया ने अपने बढ़ते समुद्री सहयोग की झलक के रूप में, सुंडा जलडमरूमध्य में द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास "समुद्र शक्ति" आयोजित किया।
- भारतीय नौसेना ने 'समुद्र शक्ति' अभ्यास के तीसरे संस्करण के लिए अपने दो अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों शिवालिक और कदमत को तैनात किया।
- अभ्यास का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना, दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री गतिविधियों में आपसी समझ तथा पारस्परिकता को बढ़ाना है।

**2.** किस IIT ने 'क्वांटम टेक्नोलॉजीज पर उत्कृष्टता केंद्र (CoE)' की स्थापना की है ताकि संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियां की जा सकें_________ **IIT दिल्ली।**

**नोट:**

- संस्थान का दावा है, कि यह IIT दिल्ली में की जा रही गतिविधियों में तालमेल तथा संबद्धता लाएगा और DST तथा अन्य फंडिंग एजेंसियों से प्रमुख जांचकर्ताओं को अधिक महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए सहायता करेगा।
- केंद्र क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम संचार, क्वांटम सेंसिंग, और मेट्रोलॉजी, और क्वांटम पदार्थ तथा उपकरणों जैसे चुनिंदा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**3.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने स्वदेशी सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) से लैस किस मिसाइल की पहली परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की__________ **आकाश प्राइम।**

**नोट:**

- आकाश प्राइम मौजूदा आकाश प्रणाली की तुलना में सटीक लक्ष्य भेदन के लिए एक स्वदेशी सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) अन्वेषक से लैस है।
- मिसाइल का उन्नत संस्करण अधिक ऊंचाई पर निम्न तापमान वाले वातावरण में अधिक विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करेगा।

**--------------0--------------**

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card



byjusexamprep.com